खरना के साथ शुरू हुआ 36 घंटे का निर्जला व्रत

आज अस्ताचलगामी और कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देंगे व्रती

● घर-आंगन से लेकर बाजारों और छठ घाटों तक छठी मैया के गीतों की गूंज ● पूजा सामग्री की खरीदारी चरम पर

मोतिहारी (आससे)। लोक आस्था, पवित्रता, त्याग, तपस्या और अटूट विश्वास का प्रतीक चार दिवसीय सूर्योपासना का महापर्व छठ अब अपने सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच गया है। छठी मैया और भगवान भास्कर की आराधना को लेकर पूरे जिले में श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत वातावरण देखने को मिल रहा है। शनिवार को नहाय-खाय के बाद छठ व्रती पूरे विधि-विधान और पवित्रता के साथ खरना का अनुष्ठान करेंगे। खरना का प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रती 36 घंटे के कठिन निर्जला व्रत का संकल्प लेंगे। रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जाएगा, जबकि सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य देने के साथ ही इस महान लोकपर्व का विधिवत समापन होगा।छठ पर्व को लेकर घरों में कई दिनों से तैयारियां चल रही हैं। घरों की साफ-सफाई, पूजा स्थलों की सजावट और पारंपरिक पकवानों की तैयारी के बीच वातावरण पूरी तरह छठमय हो गया है। बाजारों में भी छठ पूजा की सामग्री खरीदने के लिए लोगों की भारी चहल-पहल देखी जा रही है। फल, नारियल, गन्ना, सूप, दउरा, मिट्टी के दीपक, अदरक, हल्दी, नींबू, ठेकुआ बनाने की सामग्री सहित अन्य पूजन सामग्रियों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। छठ के पारंपरिक गीतों से घर-आंगन और आसपास का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। खरना के साथ शुरू होगी कठिन तपस्या ।छठ महापर्व के दूसरे दिन मनाया जाने वाला खरना इस पर्व का अत्यंत महत्वपूर्ण अनुष्ठान है। इस दिन व्रती दिनभर उपवास रखकर शाम को स्नान करने के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण करते हैं। इसके बाद मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी से पारंपरिक तरीके से गुड़ की खीर और गेहूं की रोटी तैयार की जाती है। पूरी पवित्रता और नियम-निष्ठा के साथ तैयार इस प्रसाद को भगवान सूर्य और छठी मैया को अर्पित किया जाता है। पूजा के बाद व्रती प्रसाद ग्रहण करते हैं और परिवार के सदस्यों एवं अन्य श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया जाता है ।खरना के प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही व्रतियों का 36



घंटे का निर्जला उपवास आरंभ हो जाता है। इस दौरान व्रती अन्न और जल का पूर्ण त्याग कर भगवान सूर्य एवं छठी मैया की आराधना में लीन रहते हैं। कठिन तपस्या और आत्मसंयम से जुड़ा यह अनुष्ठान छठ पर्व की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक है। कल डूबते सूर्य को अर्घ्य देने उमड़ेगा श्रद्धालुओं का जनसैलाब ।रविवार को छठ महापर्व का सबसे महत्वपूर्ण दृश्य देखने को मिलेगा। शाम के समय व्रती अपने परिवार के सदस्यों के साथ पारंपरिक रूप से सजे सूप और दउरा में फल, ठेकुआ, नारियल, गन्ना तथा अन्य पूजन सामग्री लेकर नदी, तालाब, पोखर और विभिन्न जलाशयों के घाटों पर पहुंचेंगे। अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को दूध और जल से अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु, आरोग्य और खुशहाली की कामना करेंगे ।सूर्यास्त के समय जल में खड़े होकर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने का दृश्य अत्यंत मनोरम और भावुक कर देने वाला होता है। घाटों पर छठी मैया के पारंपरिक गीतों, शंख ध्वनि और पूजा-अर्चना से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठेगा। श्रद्धालु इस पावन अवसर पर भगवान सूर्य के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करेंगे। सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ होगा महापर्व का समापन ।सोमवार की अहले सुबह छठ व्रती एक बार फिर पूरी श्रद्धा और निष्ठा के साथ छठ घाटों पर पहुंचेंगे। सूर्योदय से पूर्व ही घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगेगी। जैसे ही क्षितिज पर भगवान भास्कर की पहली किरण दिखाई देगी, व्रती उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य अर्पित करेंगे। इसके साथ ही चार दिनों तक चलने वाली कठिन साधना और उपासना पूर्ण होगी। अर्घ्य देने के बाद व्रती छठी मैया से परिवार की सुख-शांति, संतान की मंगलकामना, अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि का आशीर्वाद मांगेंगे। इसके पश्चात पारण कर निर्जला व्रत समाप्त करेंगे ।सामाजिक एकता, समानता और भाईचारे का अनुपम उदाहरण है छठ ।छठ महापर्व की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सादगी, पवित्रता और सामाजिक समरसता है। यह ऐसा लोकपर्व है, जिसमें जाति, धर्म, वर्ग और आर्थिक स्थिति का भेदभाव पीछे छूट जाता है।

137 बंदियों ने रखा व्रत

मोतिहारी (आससे)। लोक आस्था, पवित्रता और सूर्य उपासना का महापर्व छठ केंद्रीय कारा, मोतिहारी में भी पूरे श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कारा की चारदीवारी के भीतर इन दिनों छठी मइया के भक्ति गीतों और पारंपरिक पूजा-अर्चना से आध्यात्मिक माहौल बना हुआ है। जेल में निरुद्ध बंदी भी पूरी आस्था और विधि-विधान के साथ इस महापर्व में शामिल होकर भगवान भास्कर एवं छठी मइया की आराधना कर रहे हैं ।बंदियों की धार्मिक आस्था और सुविधा को ध्यान में रखते हुए कारा प्रशासन की ओर से जेल परिसर के अंदर ही कृत्रिम छठ घाट का निर्माण कराया गया है। घाट की साफ-सफाई, पूजा सामग्री, पेयजल, प्रकाश और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है, ताकि व्रत करने वाले बंदियों को पूजा-अर्चना और भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। इसी क्रम में पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने केंद्रीय कारा, मोतिहारी पहुंचकर छठ महापर्व को लेकर की गई तैयारियों और व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारा परिसर में निर्मित कृत्रिम छठ घाट, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था तथा छठ व्रती बंदियों के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का अवलोकन किया। अधिकारियों ने कारा अधीक्षक एवं संबंधित पदाधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली ।इस अवसर पर कारा अधीक्षक ने बताया कि इस वर्ष केंद्रीय कारा, मोतिहारी में कुल 137 बंदियों द्वारा छठ महापर्व का व्रत किया जा रहा है। इनमें 75 महिला एवं 62 पुरुष बंदी शामिल हैं। इतनी बड़ी संख्या में बंदियों द्वारा छठ व्रत किया जाना जेल परिसर में धार्मिक आस्था और परंपराओं के प्रति उनकी गहरी श्रद्धा को दर्शाता है ।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने कारा प्रशासन को निर्देश दिया कि छठ महापर्व के दौरान स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, पर्याप्त प्रकाश, सुरक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी छठ व्रतियों को निर्बाध रूप से पूजा-अर्चना करने और अस्ताचलगामी एवं उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने की सुविधा मिले। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए ।डीएम एवं एसपी ने कारा प्रशासन द्वारा बंदियों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि जेल में भी बंदियों को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के पालन का अवसर मिलना सकारात्मक पहल है। इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन बंदियों के भीतर सकारात्मक सोच, आत्मिक शांति और सामाजिक मूल्यों को मजबूत करने में सहायक होते हैं। इससे उनके मानसिक एवं नैतिक सुधार के साथ-साथ समाज की मुख्यधारा में पुनर्वास की भावना को भी प्रोत्साहन मिलता है ।केंद्रीय कारा परिसर में छठ महापर्व को लेकर बने भक्तिमय वातावरण ने यह संदेश दिया है कि आस्था और श्रद्धा की कोई सीमा नहीं होती। परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, लोक आस्था का यह महापर्व लोगों को अनुशासन, पवित्रता, समर्पण और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है।

विधि-व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद

मोतिहारी(आससे)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मोतिहारी पुलिस पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थित छठ घाटों का पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया गया ।निरीक्षण अभियान के तहत मोतिहारी के विभिन्न घाट,रघुनाथपुर,मधुबन,लखौरा,पकड़ीदयाल,मधुबन,ढाका, कुंडवाचैनपुर, पहाड़पुर, जितना, झरोखर, घोड़ासहन।



बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना।
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–15 वर्ष 2026–27

चतुर्थ श्रेणी में निबंधित संवेदकों से निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 21.11.2026 के अपराहन 12:00 अपराहन बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 3:30 बजे अपराहन में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।
कार्य का विवरणी :–

क	सामग्री का नाम एवं विशिष्टयाँ	मात्रा	इकाई	उद्वत की जानेवाली दर
1	**Name of Work – Supply of printed forms, office Stationary and Computer accessories to Office of The Executive Engineer, Gardanibagh Building Division, Patna for the year 2026-27**			
	(i) Signature Pad	6 nos	Each	
	(ii) Ink Pad (Best quality)	12 nos	Each	
	(iii) Writing Pad (100 page booklet)	20 Nos	Each	
	(iv) Guard file (good quality)	50 nos	Each	
	(v) Flat file (good quality)	150 nos	Each	
	(vi) Plain paper (good quality)	20 Rim	Each	
	(vii) Printed form of Money receipt (100 page booklet)	10 nos	Each	
	(viii) Carbon (kores/camel)	6 nos	Each	
	(ix) Tag (50 piece pack)	36 nos	Each	
	(x) Gum (200 ml)	10 nos	Each	
	(xi) Gum Tube (50 ml)	12 nos	Each	
	(xii) Stapler pin (10 NO)	40 nos	Each	
	(xiii) Stapler (24/6 NO)	8 nos	Each	
	(xiv) Stapler pin (24/6 NO)	20 nos	Each	
	(xv) Paper flag	20 nos	Each	
	(xvi) Plastic Cover Bag (Best Quality)	50 nos	Each	
	(xvii) Envelope (Best Quality 3x7")	500 nos	Each	

➢ कार्य समाप्ति की अवधि : 15 दिन
➢ विशेष जानकारी हेतु बेबसाईट बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/.prdbihar.gov.in देखें या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भ0नि0वि0, पटना

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.015367 (BCD) 2026-27

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।

अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, सहरसा
आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सहरसा द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 04 / 2026–27 (व्यवहार न्यायालय सहरसा के परिसर में 02 (दो) X-Ray Baggage Scanner Room के निर्माण कार्य) में भाग लेने वाले संवेदको में से निम्नलिखित संवेदक जो निविदा आमंत्रण सूचना की शर्तों के अनुसार सफल घोषित किये गए है, के बीच कार्य का आवंटन लॉटरी के माध्यम से दिनांक– 20.11.2026 को अपराह्ण 3:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, सहरसा कार्यालय में की जायेगी।

सफल संवेदक :–
(1) मीना देवी, वार्ड नं0–01, सहरसा।
(2) विभा देवी, आरण, सहरसा।
(3) आयुष ब्रदर्स कन्स्ट्रक्सन एण्ड सप्लायर्स (प्रो0– शंकर मंडल), सहरसा।
(4) जीतेन्द्र नारायण सिंह, गंगजला, सहरसा।
(5) पिंटू पंडित, वार्ड नं0– 03, सहरसा।
(6) अंशी ट्रेडर्स, (प्रो0–नितीश कुमार), सहरसा।
(7) माँ काली इंटरप्राइजेज, (प्रो0–नीलम कुमार सिंह), सहरसा।
(8) अभिमन्यु राय, गंगजला, वार्ड नं0–08, सहरसा।
(9) मुकेश खन्ना, वार्ड नं0– 03, सहरसा।
(10) मो0 नौषाद आलम, वार्ड नं0–05, महिषी सहरसा।
(11) कृतिका इंटरप्राइजेज, (प्रो0–अरविन्द प्रसाद गुप्ता), सहरसा।
(12) सुशील कुमार झा, बसौना, वार्ड नं0–09, सहरसा।
(13) कमलेश यादव, वार्ड नं0– 01, सहरसा।
(14) विपिन कुमार सिंह, गंगजला, वार्ड नं0–08, सहरसा।
(15) रौशन सम्राट, मुरली बसंतपूर, सहरसा।
(16) सुशीला कुमारी, वार्ड नं0–11, सहरसा।
(17) प्रणव कुमार प्रीतम, सहरसा।
(18) प्रतिकेश, गंगजला, वार्ड नं0– 16, सहरसा।
(19) प्रकाश कुमार, डी0बी0 रोड, सहरसा।
(20) उद्यानन्द ठाकुर, लक्ष्मी नाथ नगर, सहरसा।
(21) शीलू कुमारी, तेघरा, सहरसा।
(22) बिनोद कुमार बिमल, आरण, वार्ड नं0– 12, सहरसा।
(23) सुजीत कुमार, वाई नं0– 11, सहरसा।
(24) गणेश इंटरप्राइजेज, (प्रो0–गणेश कुमार), वार्ड नं0–27, सहरसा।
(25) बालाजी इंटरप्राइजेज (प्रो0–कन्हैया कुमर), वार्ड नं0–04, सहरसा।
(26) संजय सुमन, सिमराह वार्ड नं0– 14, सहरसा।
(27) शिवानी कुमारी, नयाबाजार, सहरसा।
(28) मो0 इरसाद आलम, लहुआर, सहरसा।
(29) अंजलि कुमरी पांडेय, मुरली बसंतपूर, सहरसा।

उपरोक्त सफल संवेदाकों को सूचित किया जाता है कि लॉटरी हेतु स्वयं या प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। आपके अथवा आपके प्रतिनिधि के अनुपस्थिति में भी लॉटरी की प्रक्रिया पूरी की जायेगी एवं भविष्य में इस संबंध मे कोई दावा मान्य नहीं होगा। निविदा में असफल घोषित निविदाकार दिनांक– 19.11.2026 को अपराह्ण 1:00 बजे तक अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, सहरसा कार्यालय मे लिखित रूप में अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते है। आपत्ति मान्य होने पर लॉटरी में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जाएगा। आपत्ति दर्ज करने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जाएगा।

अधीक्षण अभियंता
भवन निर्माण विभाग,
भवन अंचल, सहरसा

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।
PR. No.015371 (BCD) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

व्रतियों को पूजन सामग्री देकर सामाजिक सद्भाव और सेवा का दिया संदेश

मोतिहारी (आससे)। लोक आस्था, पवित्रता, त्याग और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर छौड़ादानो में मानवता और सामाजिक सरोकार की एक सराहनीय तस्वीर देखने को मिली। शनिवार, 14 नवंबर 2026 को अंचल पुलिस निरीक्षक, छौड़ादानो द्वारा छठ व्रतियों के बीच पूजा सामग्री का वितरण किया गया। इस पहल के तहत छठ महापर्व का अनुष्ठान करने वाले व्रतियों को पूजा में उपयोग होने वाली आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर अंचल पुलिस निरीक्षक ने छठ व्रतियों को महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व हमारी लोक आस्था, संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का अद्भुत प्रतीक है। यह पर्व हमें सेवा, समर्पण, अनुशासन, स्वच्छता और प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश देता है ।पुलिस प्रशासन की इस पहल को सामाजिक संवेदनशीलता और जनसेवा की भावना से जोड़कर देखा जा रहा है। आमतौर पर कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाने वाली पुलिस का इस प्रकार धार्मिक एवं सामाजिक अवसरों पर आम लोगों के बीच पहुंचकर



सहयोग करना पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं आत्मीयता को मजबूत करने वाला कदम है। छठ महापर्व के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम से व्रतियों में प्रसन्नता देखने को मिली। स्थानीय स्तर पर पुलिस की इस मानवीय पहल की सराहना की जा रही है ।इस प्रकार अंचल पुलिस निरीक्षक, छौड़ादानो की यह पहल यह संदेश देती है कि पुलिस की भूमिका केवल सुरक्षा और कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक सहयोग, मानवीय संवेदना और जनसेवा भी उसके महत्वपूर्ण दायित्वों में शामिल हैं।

छठ घाट निर्माण में ग्रामीणों के साथ जुटे प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि

संग्रामपुर(आससे)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर संग्रामपुर प्रखंड क्षेत्र में तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। पर्व को लेकर छठ घाटों की साफ-सफाई, मरम्मत और निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसी कड़ी में बिनटोली छठ घाट को बेहतर और व्यवस्थित रूप देने के लिए समाजसेवी सह प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि नितेश कुमार पूरी सक्रियता के साथ जुटे हुए हैं। छठ महापर्व में अब कुछ ही समय शेष रहने के कारण घाटों को तैयार करने की जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए नितेश कुमार ने बिनटोली छठ घाट का स्थल निरीक्षण किया और वहां चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। वे केवल निरीक्षण तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि स्वयं अपनी देखरेख में घाट का निर्माण एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने में लगे हुए हैं। खास बात यह रही कि घाट निर्माण कार्य में केवल दिशा-निर्देश ही नहीं दिए जा रहे हैं, बल्कि समाज के लोग भी श्रमदान के लिए आगे आ रहे हैं। ब्रजेश सिंह, नंदकिशोर कुमार, रामबालक मुखिया, नान्हू मुखिया सहित अन्य लोगों ने अपने हाथों में कुदाल उठाकर घाट को तैयार करने में श्रमदान किया। सभी ने मिलकर घाट की मिट्टी की कटाई, समतलीकरण और निर्माण कार्य में सहयोग दिया। लोगों की इस सामूहिक भागीदारी से छठ घाट निर्माण कार्य को गति मिल रही है ।नितेश कुमार का प्रयास है कि छठ महापर्व से पहले घाट पूरी तरह तैयार हो जाए, ताकि छठ व्रतियों को भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। घाट की साफ-सफाई, समतलीकरण और श्रद्धालुओं के आने-जाने की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। छठ महापर्व बिहार की सांस्कृतिक पहचान और लोक आस्था का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु नदी, तालाब और पोखरों के किनारे पहुंचकर अस्ताचलगामी एवं उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। ऐसे में घाटों की साफ-सफाई और सुरक्षित व्यवस्था का विशेष महत्व होता है समाजसेवी नितेश कुमार की पहल और ग्रामीणों के सामूहिक श्रमदान से बिनटोली छठ घाट की तस्वीर बदलने की उम्मीद जगी है।

अगलगी में धान का बोझा जलकर राख



चकिया (आससे)। थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव उत्तरी गवांद्रा वार्ड नंबर-07 में शुक्रवार की रात्रि हुई आगजनी में आठ बिगहा का कटनी कर रखा धान का बोझा जलकर राख हो गया। इस घटना से किसान उदय शंकर तिवारी का परिवार गहरे सदमे में है। पीडित किसान का आरोप है कि अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा धान के बोझे में आग लगा दी गई है , जिससे भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। बताया कि उक्त किसान के आठ बिगहा खेत में लगी धान की फसल को काटकर दावने के लिए एक जगह जमा कर रखा गया था। रात्रि के लगभग ग्यारह बजे अचानक जब आग की लपटें उठने लगी तो किसान के स्वजन को इसकी जानकारी हुई। पहले तो ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन विकराल आग देखकर अग्निशमन एवं स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी गई । अग्निशमन दस्ता मौके पर पहुंच काफी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। तबतक धान जलकर राख हो गया। सूचना पर पुलिस ने भी मौके पर पहुंच घटना की जांच की है ।

खरना को लेकर बाजारों में उमड़ी भीड़ सुरक्षा व्यवस्था पर पुलिस रही अलर्ट

कल्याणपुर। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के खरना को लेकर शनिवार को कल्याणपुर बाजार में श्रद्धा, उत्साह और चहल-पहल का माहौल देखने को मिला। कल्याणपुर अस्पताल गेट के सामने स्थित मीना बाजार सब्जी मंडी में सुबह से ही छठ व्रतियों एवं उनके परिजनों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। खरना के अवसर पर पूजा-पाठ के लिए आवश्यक सामग्री, फल, सब्जी एवं अन्य सामानों की खरीदारी करने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग बाजार पहुंचे। देखते ही देखते बाजार में हजारों की भीड़ जमा हो गई। बाजार की सड़कें खरीदारों से भरी नजर आईं और पूरे इलाके में छठ महापर्व की रौनक दिखाई देने लगी छठ पर्व को लेकर बाजार में खरीदारी का विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाएं एवं पुरुष अपने परिवार के साथ पूजा की तैयारियों में जुटे रहे। कोई फल एवं सब्जियों की खरीदारी कर रहा था तो कोई छठ पूजा में उपयोग होने वाली अन्य आवश्यक सामग्री जुटाने में लगा था। भीड़ इतनी अधिक थी कि बाजार में लोगों की आवाजाही को व्यवस्थित रखना पुलिस प्रशासन के लिए भी चुनौतीपूर्ण बना रहा इधर, खरना के अवसर पर बाजार में उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए कल्याणपुर थाना पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। पुनि सह थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार स्वयं मीना बाजार पहुंचे और बाजार की स्थिति तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बाजार में मौजूद लोगों की भीड़ को नियंत्रित करने के साथ-साथ आवागमन सुचारु बनाए रखने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए थानाध्यक्ष के निर्देश पर बाजार के विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिसकर्मी लगातार बाजार में भ्रमण कर भीड़ पर नजर बनाए हुए थे, ताकि खरीदारी करने आए लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो और बाजार में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनी रहे। पुलिस की सक्रियता से भीड़भाड़ वाले बाजार में व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास किया गया छठ महापर्व को लेकर कल्याणपुर बाजार में उमड़ी हजारों की भीड़ ने पर्व के प्रति लोगों की आस्था और उत्साह को दर्शाया। वहीं, पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी से बाजार में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता देखने को मिली। लोक आस्था के इस महापर्व को लेकर पूरे कल्याणपुर क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

बिहार सरकार
अधीक्षक का कार्यालय
अनु0 ना0 मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल,गया जी।
सूचना

वित्तीय वर्ष–2026–27 से अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया जी में एक वर्ष की वैधता, हेतु मशीन, उपस्कर, उपकरण एवं सर्जिकल सामग्री इत्यादि के क्रय हेतु वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अंतगर्त बिहार राज्य मे निबंधित सरकारी / गैर सरकारी निर्माता, फर्म या प्राधिकृत आपुर्तिकर्त्ताओं से निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा पी0आर0 संख्या–013751 दिनांक–16.10.2026 द्वारा निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसे दिनांक 05.11.2026 को हुये बैठक में क्रय समिति के सदस्यों के द्वारा सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया है कि वर्तमान पी0आर0 संख्या–013751 को अपरिहार्य कारणों से रद्द कर पुनः नई निविदा का प्रकाशन जल्द से जल्द कराई जाये। साथ ही पी0आर0 संख्या–013751 मे सम्मिलित निविदादाओं एवं सर्वसाधरण को भी इस आशय की सूचना से अवगत कराने हेतु निर्णय लिया गया था। उक्त लिये गये निर्णय के अलोक मे सर्वसाधरण को सूचित करने हेतु निदेशक सूचना एवं जन संपर्क विभाग,बिहार,पटना मे प्रकाशन हेतु पत्र भेजी जा रही है।

अधीक्षक,
अनु0ना0म0मे0कॉ0 अस्पताल, गया जी

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।
PR. No.015366 (Health) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार
निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप (Eproc-2.0 के माध्यम से)
मानक निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप ₹ 25.00 लाख से ₹ 70.00 लाख तक की राशि के कार्यो के लिए (डबल बीड पद्धति)
कार्यालय, मुजफ्फरपुर नगर निगम, मुजफ्फरपुर
Website : https://mymmc.org., E-mail ID-muzaffarpur.ulb@gmail.com, mmc-muz-bih@nic.in
Control Room- 155304, 1800 345 1061, 7870031117

पुनर्निविदा आमंत्रण की सूचना (ई–टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in.)
संख्या– NIT No.-08/MMC/2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता — नगर आयुक्त, नगर निगम, मुजफ्फरपुर .
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि – — दिनांक–09.11.2026
3. प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान — दिनांक–01.12.2026 को समय 13:30 बजे पूर्वाहन / अपराहन स्थान–नगर आयुक्त का कार्यालय, नगर निगम सभागार, मुजफ्फरपुर।
4. परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय — दिनांक–30.11.2026 से दिनांक 07.12.2026 के 15:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि– — दिनांक–07.12.2026 समय 15:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि — दिनांक–10.12.2026 समय 11:00 बजे
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि — तकनीकी बीड में सफल होने के उपरान्त निर्देशानुसार
8. कार्य की विवरणी–

क्रम सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रु. में)	अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in	परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रतिदेय) (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in	Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	वार्ड सं0–06 में बिसाती टोला में मुहम्मद आलम से अशोक बाबू के घर तक एवं शशि मामा राहुल नगर के घर से ब्रजकिशोर जी के घर तक एवं सोनारपट्टी में राजा जी के घर से रंगमली चांद भाई के घर तक एवं शिया मस्जिद जौहर साहब के घर से मोती भाई के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण। **(Re-Tender)**	33,82,813.00	67,700.00	5,000.00	As per e-Proc2	4 Months
2	वार्ड सं0–10 अन्तर्गत शेख टोली में पी0डब्लू0डी0 सड़क संख्या–01 से पी0डब्लू0डी0 सड़क संख्या–02 तक जानेवाली गली में पी0सी0सी0 सड़क एवं आर0सी0सी0 नाला निर्माण। **(Re-Tender)**	27,94,350.00	55,900.00	5,000.00	As per e-Proc2	3 Months
3	वार्ड संख्या 21 में श्री नन्द किशोर कुमार नैनू भईया के घर होते हुए जयलस देवी एवं स्व0 वैद्यनाथ गुप्ता के घर होते हुए त्रिशूल मंदिर तक सड़क एवं नाला निर्माण। **(Re-Tender)**	27,84,300.00	55,700.00	5,000.00	As per e-Proc2	3 Months
4	वार्ड सं0–21 अन्तर्गत ब्राह्मणटोली मुहल्ला में देवनन्दन प्रसाद पहलवान के घर से उमाशंकर नथानी जी के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण। **(Re-Tender)**	35,33,200.00	70,700.00	5,000.00	As per e-Proc2	4 Months
5	वार्ड संख्या–22 अन्तर्गत बकार के घर से मनोरमा देवी के घर तक एवं भुनेश्वर शर्मा के घर से अजय दत्त के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण। **(Re-Tender)**	34,23,300.00	68,500.00	5,000.00	As per e-Proc2	4 Months
6	वार्ड सं0–32 अन्तर्गत कृष्णा नगर मे डी.एन. सिंह के घर से भाया मनोज श्रीवास्तव के घर होते हुए संस्कार पथ होते हुए प्रभात श्रीवास्तव के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण। **(Re-Tender)**	26,71,850.00	53,500.00	5,000.00	As per e-Proc2	3 Months
7	वार्ड सं0–34 अन्तर्गत प्रेम कुमार के घर से रेलवे ट्रेक तक सड़क एवं नाला निर्माण। **(Re-Tender)**	33,86,100.00	67,800.00	5,000.00	As per e-Proc2	3 Months
8	वार्ड संख्या–34 के अन्तर्गत पंखाटोली बढ़ई टोला में सियालाल सहनी के मकान से डी0 पी. घोष के मकान तक सड़क एवं नाला निमार्ण कार्य। **(Re-Tender)**	48,93,500.00	97,900.00	5,000.00	As per e-Proc2	6 Months

नोट:– Bidders Should submit Bid Processing fee thorugh Online Payment as per Amount